# कार्यालय उपायुक्त स्वत: रोजगार गाजियाबाद।

## विज्ञप्ति

**बड़े हो या छोटे गरीब, अशक्त या हों बीमार आसानी से अब पहुंचेगी, बैंकिग सुविधाए आपके द्वार।**

**गाजियाबाद के 45 ग्राम पंचायतो में बी0सी0 सखी के रिक्तियों के सापेक्ष आवदेन का आमंत्रण**

**आवेदन की अन्तिम तिथि 20.04.2026**

(रिक्त ग्राम पंचायतो की सूची जनपद या विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त करें।)

### बैंकिग करेस्पोंडेट (बी0सी0) सखी क्या है?

1. बी0सी0 सखी माईक्रो एटीएम/हैण्डहोल्ड डिवाईस /लैपटाप के माध्यम से बैंकिग सेवाएं देने में सक्षम।
2. बी0सी0 सखी का मुख्य कार्य ग्रामीणो तक बैंकिग सेवाओ को पहुँचाना हैं।
3. इससे न सिर्फ वित्तीय लेन-देन सुगम होगा बल्कि ग्रामीणो के काम धंधे में तेजी आयेगी, समय व खर्च में बचत होगी।
4. हर तरह की आर्थिक लेन-देन, बैंक खातो में जमा एवं निकासी, नये खाते खोलने जैसी सुविधाएं हर ग्रामीण तक पहुँचेगी।

### बी0सी0 सखी चयन हेतु पात्रता-

1. अनिवार्य रूप से महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हो एवं ऋण डिफाल्टर न हो।
2. उम्र सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष तक हो। चयन वर्ष की 30 जून को कट आफ डेट माना जायेगा।
3. शैक्षणिक योग्यता- कम से कम 12वीँ पास हो।
4. आवश्यक उपकरण यथा मोबाईल फोन/इण्टरनेट की जानकारी प्राप्त हो।
5. उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सपोर्ट फण्ड के रूप में दिये जाने वाले रू 75000/- की धनराशि को 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से प्राप्त करने की सहमति प्रदान करती हो।
6. बीसी सखी उसी ग्राम पंचायत की निवासी होनी चाहिए।

### बी0सी0 सखी के लिये आवेदन कैसे करे?

1. इच्छुक सदस्य अपने स्वयं सहायता समूह में आवेदन करेगी आवेदन पत्र ब्लाक मिशन प्रबन्धन इकाई कार्यालय से प्राप्त कर सकती है।
2. समूह द्वारा इच्छुक एवं पात्र महिलाओ का आवेदन पत्र अपने सम्बन्धित ग्राम संगठन को उपलब्ध कराया जायेगा एवं ग्राम संगठन द्वारा संकलित सूची संकुल स्तरीय संघ को उपलब्ध करायी जायेगी। संकुल स्तरीय संघ विकास खण्ड के माध्यम से प्राप्त आवेदनो को जिला मिशन प्रबन्धन इकाई को चयन हेतु प्रेषित करेगी।
3. अंतिम चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

**उपायुक्त स्वत: रोजगार**
**गाज़ियाबाद।**